नवभारत टाइम्स

रविवारीय संस्करण

सहकारिता माफिया के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी

वि.प्र. सिंह, अरुण नेहरू जैसे लोगों की कांग्रेस में वापसी नहीं	प्रतिपक्ष का नजरिया साफ होना चाहिए	हमारा दिल साफ है, नेपाल को ही दिशा तय करनी होगी

प्रधानमंत्री राजीव गांधी से आलोक मेहता की बातचीत

प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने बताया है कि बिहार में सहकारिता माफिया और ऐसे अन्य गिरोहों के खिलाफ हमारी लड़ाई जारी रहेगी। हमने सत्येन्द्र बाबू को भी माफिया के विरुद्ध कार्रवाई जारी रखने के निर्देश दिए हैं। यह धारणा बिल्कुल गलत है कि भागवत झा आजाद को हटाया जाना सहकारिता माफिया की विजय है... पंचायतों और शहरी स्वायत्त संस्थाओं को मजबूत करने के बाद हम सहकारी संस्थाओं को सुधारने के लिए व्यापक कदम उठाएंगे...

श्री राजीव गांधी का विश्वास है कि बिहार और उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के लिए कोई गंभीर चुनौती या खतरा नहीं है। आंतरिक मतभेदों के बावजूद कांग्रेस बहुत शक्तिशाली है... हमने भ्रष्टाचार के ठोस आरोप सामने आने पर तीन मुख्यमंत्री, दो राज्यपाल और केंद्र में भी कुछ मंत्री बदले हैं। लेकिन निराधार आरोपों पर हम कार्रवाई नहीं कर सकते।